भूल

दो-तीन निष्ठावान कांग्रेसियों ने लाज बचाने दी दस्तक

# झंडा सत्याग्रह को भूल गए नगर कांग्रेस अध्यक्ष

**विक्टोरिया स्थित टाउन हॉल में हर वर्ष लहराता रहा है झंडा**



**नवभारत,जबलपुर।** 18 मार्च 1923 को जबलपुर के टाउन हॉल गांधी भवन में शुरू किए गए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के झंडा सत्याग्रह आंदोलन को शहर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ जन बुधवार को भूलते नजर आए। हुआ यूं कि टाउन हॉल गांधी भवन में बुधवार को न तो शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा नजर आए और न ही वरिष्ठ कांग्रेसी। जिसका नतीजा था कि इस बार झंडा नहीं फहराया गया।

उधर कुछ निष्ठावान दो तीन कांग्रेसियों ने बस टाउन हॉल में दस्तक दी और वहां मौजूद लोगों को झंडा सत्साग्रह का इतिहास बताया और साथ ही स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में जबलपुर के गौरवशाली योगदान को भी साझा किया। इस संबंध में कांग्रेस नेता विष्णु विनोदिया ने कहा कि उन्होंने बच्चों को झंडा सत्याग्राह के बारे में जागरूक किया। असहयोग आंदोलन की सफलता और प्रतिवेदन के लिए कांग्रेस ने एक जांच समिति बनाई थी और वह जबलपुर पहुंची तब समिति के सदस्यों को विक्टोरिया टाऊन हाल में अभिनंदन पत्र भेंट किया गया और तिरंगा झंडा भी फहराया। तब से लेकर अब तक इस दिन को कांग्रेसी कार्यकर्ता याद करते हुए हर साल 18 मार्च को झंडा सत्याग्रह की याद में यहां झंडा फहराते रहे हैं।

### जबलपुर से हुई थी शुरूआत

विदित हो कि झंडा सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत संस्कारधानी जबलपुर से हुई थी। 1923 भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक ऐतिहासिक घटनाक्रम है, जिसका सूत्रपात 18 मार्च 1923 को जबलपुर के टाउन हॉल गांधी भवन में हुआ था। सुंदरलाल तपस्वी, सुभद्रा कुमारी चौहान और माखनलाल चतुर्वेदी जैसे नेताओं के नेतृत्व में उस्ताद प्रेमचंद जैन और उनके साथियों ने ब्रिटिश यूनियन जैक को हटाकर पहली बार सरकारी इमारत पर तिरंगा फहराया था जिससे पूरे देश में स्वतंत्रता की अलख जगी थी। इसके बाद हर साल झंडा सत्याग्रह के मौके पर टाउन हॉल में झंडा फहराया जाता रहा। लेकिन इस वर्ष कांग्रेसी कार्यकर्ता इस दिन को भूल गए।

## शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति मामले में जवाब पेश करने अंतिम मोहलत

**जबलपुर।** हाईकोर्ट में एक याचिका के जरिए मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता कार्यालय में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति को चुनौती देने के मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने शासन और एजी ऑफिस को मामले में जवाब पेश करने अंतिम मोहलत दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 27 अप्रैल को नियत की है। दरअसल हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के संयुक्त सचिव योगेश सोनी ने याचिका में आरोप लगाया है कि महाधिवक्ता कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से अर्हता विहीन वकीलों को शासकीय वकील बना दिया गया है। महाधिवक्ता कार्यालय में कुल 157 ला आफिसर्स की नियुक्ति को लेकर 25 दिसंबर को सूची जारी की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी और पक्षपातपूर्ण है। सूची में पारदर्शिता का अभाव है। अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने दलील दी कि विधि अधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष का है और अभी तक मामले में जवाब नहीं आया है।

# रानीताल फ्लाईओवर से नीचे गिरे ननि कर्मी की मौत



**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल फ्लाईओवर से बुधवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिरे नगर निगम कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या की है या वे किसी हादसे का शिकार हुआ इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस हर एंगल पर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को रविशंकर पटेल 50 वर्ष निवासी गढ़ा बजार छोटा जैन मंदिर के पीछे लार्डगंज ने सूचना दी कि दोपहर लगभग 3 बजे बस स्टेण्ड से रानीताल के लिये आ रहा था जैसे ही खटवानी शोरूम के पास पहुंचा तो देखा कि एक युवक नीचे गिर गया। जिसके सिर में चोट लगी थी नाक एवं सिर से खून निकल रहा था, डायल 112 को सूचना दी, सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने तत्काल घायल युवक को नजदीकी अस्पताल पहुँचाया। सिर में गंभीर चोटों के कारण डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक कौन है और कहा का रहने वाला है इसका पता नहीं चल पा रहा था पुलिस शिनाख्तगी के प्रयास में जुट गई। इसी बीच देर शाम मृतक के परिजन थाने पहुंचे इसके बाद मृतक की पहचान एम सत्यनारायण स्वामी पिता अप्पल सोनी 44 वर्ष निवासी सर्वोदय नगर रानीताल निवासी के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि नगर निगम में कार्यरत था।

### खून से सनी सड़क

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऊंचाई से गिरने के कारण युवक को सिर में गंभीर चोटें आई थीं। हादसे से सड़क खून से सन गई थी। युवक पहले तो जाली पर लटका हुआ था ऐसा लग रहा था कि वे नशे में है अचानक अनियंत्रित होकर वे नीचे गिर गया था।

**गिरा या कूदा, छानबीन शुरू**

फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। मृतक रानीताल फ्लाईओवर से नीचे गिरा है या कूदा है समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच जारी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए ताकि पता लग सके कि वे किन परिस्थितियों में गिरा। परिजनों समेत अन्य के बयान दर्ज किए जा रहे है पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# युवती ने एसपी ऑफिस में किया आत्मदाह का प्रयास

**पीड़िता बोली, प्रेमी ने दिया धोखा, शादी का झांसा देकर लूटी आबरू, अब मुकरा**




**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को एक युवती ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की। गनीमत रही कि मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने समय रहते युवती को रोक लिया। युवती का आरोप रहा कि रिश्तेदार ने उसे प्रेम जाल में फंसाने के बाद शादी का झांसा देकर उसकी आबरू लूटी और अब वादे से मुकर गया।

जानकारी के मुताबिक बेलबाग थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला निवासी युवती (26) सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और अचानक उसने स्वयं पर पेट्रोल छिड़क कर खुद को आग के हवाले करने की कोशिश की। पीड़िता का आरोप है कि पिछले 6 वर्षों से रायसेन निवासी एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया। लंबे समय तक यौन शोषण करने के बाद अब आरोपी युवक दूसरी युवती से शादी करने की तैयारी कर रहा है। जब पीड़िता ने उस पर शादी के लिए दबाव बनाया, तो वह अपनी बात से मुकर गया और उसे छोड़ दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि वह इंसाफ के लिए दर-दर भटक रही है। करीब 7 दिन पहले वह अपनी शिकायत लेकर बेलबाग थाने भी पहुंची थी और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया था। पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला किया। गनीमत रही कि जब युवती पेट्रोल छिड़क रही थी तभी वहां मौजूद पुलिस स्टॉफ ने उसे पकड़ लिया इसके बाद सुरक्षित हिरासत में लेकर बेलबाग थाने भेजा गया। वहीं बेलबाग थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर का कहना है कि सात से आठ दिन पहले युवती थाने आई थी जिसने आपबीती पुलिस को सुनाई थी पुलिस ने कार्रवाई करने के लिए बोला था लेकिन युवती मामले में एफआईआर नहीं चाहती है वह सिर्फ युवक से शादी करना चाहती है। युवक पीड़िता का रिश्तेदार भी है। मामले की जाँच की जा रही है। फिलहाल पुलिस पीड़िता की काउंसलिंग कर रही है अगर पीड़िता कार्रवाई के लिए तैयार होती है तो पुलिस नियम अनुसार प्रकरण दर्ज कर करेगी।

## बड़कुल मिष्ठान्न भंडार में चोरी

**जबलपुर।** गढ़ा अंतर्गत पिसनहारी की मढ़िया स्थित प्रसिद्ध बड़कुल मिष्ठान भंडार में बीती रात एक अज्ञात युवक ने शटर उठाकर गल्ले से नकदी पार कर दी। घटना की जानकारी बुधवार सुबह तब लगी जब दुकान के मैनेजर काम पर पहुँचा। वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छोटा जैन मंदिर पुरवा निवासी 28 वर्षीय राहुल असाटी प्रसिद्ध बड़कुल मिष्ठान भंडार में मैनेजर हैं, राहुल 17 मार्च की रात करीब 12 बजे वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चला गया था। बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे जब वे दुकान पहुँचा तो देखा कि दुकान की शटर उठी हुई थी और उसमें ताला नहीं लगा था। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक लड़का दुकान के बाजू में लगी जाली के साइड से अंदर घुसता दिखाई दिया। आरोपी ने अंदर से शटर उठाई और ड्राज खोलकर उसमें रखे करीब 15 से 20 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए।

# 2.27 करोड़ की ठगी : हरियाणा और नागपुर से तीन ठगों को उठा लाई पुलिस

**शेयर बाजार में 500 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर महिला को लगाया था चूना**



**जबलपुर।** शेयर बाजार में निवेश पर 500 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर शहर की एक महिला से 2 करोड़ 27 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने हरियाणा के पानीपत से दो और नागपुर जेल से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिन्हें शहर लाने के बाद पूछताछ की जा रही है। जिसमें ठगी नेटवर्क से जुड़े नए खुलासे होने की उम्मीद है।

विदित हो कि साइबर ठगों ने शहर में महिला को अपने जाल में फंसाने के लिए लुभावने वादे किए थे। आरोपियों ने दावा किया था कि शेयर बाजार में निवेश करने पर प्रतिदिन 5 का रिटर्न और दीर्घकालिक निवेश पर 500 प्रतिशत तक का मुनाफा मिलेगा। इसके साथ ही, शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के बहाने और सस्ते दर पर बल्क ट्रेडिंग में शेयर दिलाने का झांसा देकर महिला से किश्तों में कुल 2.27 करोड़ रुपये ऐंठ लिए गए। धोखाधड़ी का अहसास होने पर पीड़िता ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज किया था।

### फर्जी कंपनियां बना खुलवाये अकाउंट, खातों से ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन

एएसपी क्राइम ब्रांच जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन और उप पुलिस अधीक्षक आइबर अंजुल अयंक मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हरियाणा के पानीपत में दबिश दी और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने कुबूला कि वे फर्जी कंपनियां बनाकर उनके नाम से करेंट अकाउंट खुलवाते थे। इन्हीं खातों का उपयोग साइबर फ्रॉड की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर करने के लिए किया जाता था। जांच में सामने आया कि ठगी गई राशि में से 20 लाख रुपये इन्हीं के द्वारा संचालित एक खाते के जरिए आगे भेजे गए थे।

### रिमांड पर पूछताछ जारी

पुलिस ने तीनों आरोपियों रवि कुमार पिता जय भगवान निवासी ग्राम बिंझौल थाना मॉडल टाउन पानीपत, कमल कश्यप पिता सुरेन्द्र कश्यप निवासी बिंझौल पानीपत, अभिषेक विश्वकर्मा निवासी रेल्वे स्टेशन के पास नरसिंहपुर को रिमांड पर लिया है। आरोपियों से सघन पूछताछ की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी गई शेष राशि के नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

**नागपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया अभिषेक**

मामले की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस ने नागपुर केंद्रीय कारागार में बंद एक अन्य आरोपी अभिषेक विश्वकर्मा पिता भवानी प्रसाद विश्वकर्मा को अभिरक्षा में लेकर प्रोडक्शन वारंट में शहर लाया है। पूर्व में पकड़े गए आरोपी रोहित भगोरिया और तरुण ने अभिषेक की संलिप्तता की जानकारी दी थी। अभिषेक एक आदतन साइबर अपराधी है, जो पहले से ही मुंबई वर्ली साइबर पुलिस स्टेशन और नागपुर राणा प्रताप नगर थाना के धोखाधड़ी के मामलों में जेल में बंद था।

# कर्मचारी संघ चुनाव में होगा त्रिकोणीय मुकाबला

**नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार**




**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आगामी 25 मार्च को कर्मचारी संघ का चुनाव होने वाला है। बुधवार को नाम वापसी भी हुई, जिसमें 7 लोगों ने नामांकन प्रपत्र भरा था। इसके बाद बुधवार को चार लोगों ने नाम वापस ले लिया। नाम वापसी के बाद चुनाव में प्रत्याशियों की स्थिति पूरी तरह से साफ हो गई है। जानकारी के अनुसार अब कर्मचारी संघ अध्यक्ष के लिए तीन दावेदार मैदान में उतर चुके हैं। इनमें प्रेम प्रकाश पुरोहित, संजय यादव और वीरेंद्र सिंह पटेल शामिल हैं। वहीं इसके अलावा बाकी पदों के लिए भी त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### सभी पदों के लिए तीन- तीन दावेदार

चुनाव प्रक्रिया के समय नाम वापसी के बाद विभिन्न पदों के लिए अब तीन-तीन दावेदार मैदान में है। जानकारी के अनुसार उपाध्यक्ष के लिए दो पदों में चुनाव है जिसको लेकर 6 प्रत्याशी मैदान में है। वहीं एक महासचिव पद के लिए तीन उम्मीदवार, एक संयुक्त सचिव के लिए तीन उम्मीदवार, एक कोषाध्यक्ष पद के लिए भी तीन उम्मीदवार तो वहीं कार्यकारिणी सदस्य के पांच पदों पर 15 उम्मीदवार मैदान में उतरे हुए हैं। देखा जाए तो प्रत्येक पद पर तीन-तीन उम्मीदवार अपने दावेदारी ठोक रहे हैं।

**इतने उम्मीदवारों ने भरा था नामांकन**

उल्लेखनीय है कि कर्मचारी संघ में चुनाव के लिए विभिन्न पदों के लिए नामांकन में अध्यक्ष पद के लिए 7, उपाध्यक्ष के लिए 18, महासचिव के लिए 10, संयुक्त सचिव के लिए 8, कोषाध्यक्ष के लिए 13 और कार्यकारी सदस्य के लिए 19 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था। नाम वापसी के बाद इनकी संख्या पूरी तरह से साफ हो गई है।

## 1.33 लाख की ऑनलाइन ठगी

**जबलपुर।** लॉर्डगंज थाना क्षेत्र में एक शातिर जालसाज ने एक व्यक्ति को अपने झांसे में लिया और 1,33,000 की मोटी रकम ऐंठ ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लॉर्डगंज निवासी वीरेन्द्र विश्वकर्मा पिता संतराम ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वे एक सुनियोजित ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। ठग ने वीरेन्द्र से संपर्क कर अपनी असली पहचान छिपाई और किसी अन्य व्यक्ति का रूप धारण कर उन्हें भरोसे में लिया। जालसाज की बातों में आकर पीड़ित ने कुल 1 लाख 33 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

# बेकाबू पिकअप ने परिवार को कुचला पति-बेटे के सामने महिला ने तोड़ा दम

**मातम में बदली जन्मदिन की खुशियां**

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अंतर्गत ग्राम तिलसानी के पास एक तेज रफ्तार लोडिंग पिकअप ने मोटरसाइकिल सवार परिवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और मासूम बेटा घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब परिवार जन्मदिन मना कर वापस लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार बरेला थाना क्षेत्र के ग्राम पड़वार खेरमाई मोहल्ला निवासी अजय कुशवाहा (38) फिनिक्स पोल्ट्री फार्म में कार्यरत हैं। वे अपनी पत्नी प्रियंका काछी (30) और बेटे हिमांशु के साथ मोटरसाइकिल से अपनी साली के बच्चे के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने कटनी ग्राम भटकमा गए थे। जब यह परिवार वापस घर लौट रहा था, तभी कुण्डम के ग्राम तिलसानी के पास काल बनकर आई लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीए 4165 के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में प्रियंका के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं, जबकि अजय के पैर में चोट आई और बच्चा भी जख्मी हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुँची 108 एम्बुलेंस से घायलों को तुरंत शासकीय अस्पताल कुण्डम ले जाया गया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्रियंका का परीक्षण किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अपनी आँखों के सामने पत्नी को खोने वाले अजय और मासूम बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है। अजय कुशवाहा की शिकायत पर कुण्डम पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हाउस कीपिंग के नये टेंडर पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने टीकमगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हाउस कीपिंग सुविधाओं के लिए जारी किए गए नए टेंडर की आगामी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने डायरेक्टर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, कलेक्टर व सीएमएचओ टीकमगढ़ को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। दरअसल टीकमगढ़ निवासी क्षितिज तिवारी की ओर से अधिवक्ता अमित सिंह ने बताया कि याचिकाकर्ता ने निविदा प्रक्रिया में भाग लिया और उसे सफल घोषित किया गया। याचिकाकर्ता को 11 फरवरी 2026 को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया। समझौते के अनुसार याचिकाकर्ता को प्रदर्शन गारंटी प्रस्तुत करने कहा गया। दलील दी गई कि पोर्टल में कुछ तकनीकी समस्या के कारण याचिकाकर्ता प्रदर्शन गारंटी जमा नहीं कर सका। उन्होंने आवेदन देकर कुछ समय मांगा और अगले ही दिन प्रदर्शन गारंटी जमा कर दी। इसके बावजूद विभाग द्वारा याचिकाकर्ता को कोई नोटिस जारी किए बिना और उसकी शिकायतों पर विचार किए पूरी निविदा प्रक्रिया रद्द कर दी। अधिकारियों ने अब एक नई निविदा जारी की हैए जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# पत्नी के 32 तोला जेवर हड़पे, पति और साथी पर एफआईआर

**जबलपुर।** मझौली थाना क्षेत्र में एक महिला के पति ने सहयोगी के साथ मिलकर पत्नी के 32 तोला सोने के जेवर लिए और मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत और दस्तावेजों की जांच के बाद पति सहित दो आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रामनगर कॉलोनी मझौली की निवासी श्रीमती रेखा राय 42 वर्ष वर्तमान में अधारताल स्थित धनी की कुटिया में रह रही हैं, वर्ष 2023 में घर की तंग आर्थिक स्थिति के कारण पति शशिकांत साहू के साथ मिलकर 32 तोला सोने के जेवर प्रहलाद सोनी के पास गिरवी रखे थे। वर्ष 2025 में जब रेखा राय ने पैसों का इंतजाम कर लिया, तो वे 7 लाख 24 हजार रुपये की राशि लेकर प्रहलाद सोनी के पास अपने जेवर छुड़ाने गईं। वहां प्रहलाद सोनी ने यह कहकर जेवर देने से मना कर दिया कि शशिकांत साहू ने जेवर पहले ही ले लिए हैं। जब रेखा ने अपने पति से इस बारे में पूछा, तो पति ने जेवर लेने की बात से साफ इनकार कर दिया और कहा कि उसने सिर्फ 1 लाख रुपये लिए थे। महिला का आरोप है कि उसके पति शशिकांत और प्रहलाद सोनी ने आपसी साठगांठ कर उसके कीमती जेवर हड़प लिए हैं। जब भी वह जेवर की मांग करती है, तो दोनों उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रेखा राय, शशिकांत साहू और प्रहलाद सोनी के बयान दर्ज किए। साथ ही रेखा राय द्वारा पेश किए गए नोटरी शपथ पत्र और अन्य दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई पुलिस ने आरोपी शशिकांत साहू (48) और प्रहलाद सोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।






धोखाधड़ी

बेरोजगारों को लगाया चूना, रांझी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# ओएफके में नौकरी दिलाने के नाम पर 30 लाख हड़पे




**जबलपुर।** जालसाजों ने बेरोजगारों की आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 30 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने बाकायदा डाक के जरिए फर्जी नियुक्ति पत्र भी भेजे, लेकिन जब पीड़ित फैक्ट्री पहुंचे तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई थी। अब रांझी पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के मुताबिक ज्ञान सिंह परस्ते पिता स्व. अहवरण सिंह परस्ते (44) निवासी शहपुरा डिण्डौरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि युवराज पटेल उनके रिश्तेदार के घर के पास रहता था, जिससे उनके परिवार की अच्छी जान-पहचान थी। युवराज और उसके दो साथियों प्रदीप कुमार कश्यप और एक अन्य अजीत सोनीने खुद को खमरिया फैक्ट्री का कर्मचारी बताते हुए दावा किया कि उनकी बड़े अधिकारियों से सेटिंग है और वे पहले भी कई युवाओं की नौकरी लगवा चुके हैं। ठगों ने झांसे में लेने के लिए एक शर्त रखी। उन्होंने कहा कि कम से कम 10 लोग होने चाहिए तभी काम बनेगा और हर व्यक्ति को 3 लाख रुपये जमा करने होंगे। आरोपियों ने भरोसा दिलाया कि रुपये देने के 6 महीने के भीतर फैक्ट्री में पक्की नौकरी मिल जाएगी। नौकरी की चाह में पीड़ित के भतीजे, भांजे और अन्य रिश्तेदारों ने मिलकर कुल 30 लाख रुपये आरोपियों को सौंप दिए।

### डाक से आए फर्जी ज्वाइनिंग लेटर, फैक्ट्री पहुंचते ही खुला राज

पैसे लेने के बाद जालसाजों ने पीड़ितों के घर के पते पर खमरिया फैक्ट्री के नाम से हूबहू दिखने वाले नियुक्ति पत्र पोस्ट किए। पीड़ितों ने बताया कि ओएफके नाम से फर्जी ज्वाइनिंग लेटर में आर्डिनेंस फैक्ट्री की मोहर लगी थी बलिक महाप्रबंधक भी लिखा हुआ था। खुश होकर जब युवक-युवतियां ज्वाइनिंग के लिए फैक्ट्री के गेट पर पहुंचे, तो वहां अधिकारियों ने जांच के बाद बताया कि ये पत्र पूरी तरह फर्जी और कूट-रचित हैं। फैक्ट्री प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि वहां ऐसी कोई सीधी भर्ती नहीं हुई है।

**एसपी ऑफिस, ओमती थाने के काटे चक्कर, रांझी में कायमी**

पीड़ितों ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से शिकायत की थी। मामला ओमती थाने भी पहुंचा था जहां एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। बाद में ओमती पुलिस ने प्रतिवेदन बनाया कि मामला रांझी थाने से संबंधित है। इसके बाद मामला रांझी सीएसपी के पास पहुंचा जहां लंबी जांच पड़ताल के बाद पीड़ित की शिकायत पर रांझी पुलिस ने मुख्य आरोपी युवराज पटेल, प्रदीप कश्यप और उनके साथी अजीत सोनी के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और फर्जी लेटर तैयार करने वाले ठिकानों की तलाश कर रही है।








स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57